प्रादेशिक समाचार

दिनांक–05.03.2026 (दोपहर– 1455 बजे)

****

भारत और फिनलैंड के बीच आज नई दिल्ली में पर्यावरण सहयोग, प्रवासन और गतिशीलता साझेदारी तथा सांख्यिकी सहित विभिन्न क्षेत्रों में कई समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब के साथ कई क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने पर चर्चा की। उन्होंने बहुपक्षीय मंचों में सहयोग सहित पारस्परिक हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी विचार साझा किए। अपने संयुक्त बयान में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि आज दुनिया अस्थिरता और अनिश्चितता के दौर से गुजर रही है। उन्होंने कहा कि यूक्रेन से लेकर पश्चिम एशिया तक, दुनिया के कई क्षेत्रों में लगातार संघर्ष जारी हैं। श्री मोदी ने कहा कि ऐसे वैश्विक माहौल में भारत और यूरोप दो प्रमुख राजनयिक शक्तियां अपने संबंधों के स्वर्णिम युग में प्रवेश कर रही हैं।

****

राज्यभर में विभिन्न पर्व त्यौहारों की धूम है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज रामगढ़ के नेमरा में होली के दूसरे दिन मनाये जाने वाले बाहा पर्व में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने पूजा अर्चना कर राज्य के विकास की मंगलकामना की। बाहा पर्व के मद्देनजर नेमरा में पारंपरिक गीत–नृत्य की गूंज रही और स्थानीय लोग खासे उत्साहित नजर आये।

****

राज्य के 48 नगर निकायों में मेयर, अध्यक्ष और वार्ड पार्षदों के चुनाव के बाद अब डिप्टी मेयर और उपाध्यक्ष पदों के लिए राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। राज्य निर्वाचन आयोग के अनुसार इन पदों के लिए चुनाव प्रक्रिया 10 मार्च से शुरू होकर 20 मार्च तक पूरी की जाएगी। धनबाद में 18 मार्च, रांची में 19 मार्च, मानगो में 17 मार्च और मेदिनीनगर में 14 मार्च को चुनाव कराए जाएंगे। वहीं भारतीय जनता पार्टी के मीडिया प्रभारी ने कहा कि वे डिप्टी मेयर के चुनाव जीतने की तैयारी में जुट गये हैं।

साउंड बाईट – भाजपा ऑन डिप्टी मेयर चुनाव – 18 सेकेंड

****

लोहरदगा में जिला प्रशासन की पहल पर कल से दो दिवसीय साहित्य एवं फिल्म महोत्सव शुरू हो रहा है। इस महोत्सव का आयोजन समाहरणालय मैदान में होगा। इस दौरान कुछ चुनिंदा फिल्मों का प्रदर्शन होगा, जिसमें लोहरदगा मेल भी शामिल है। महोत्सव में उपन्यासकार और फिल्म निर्देशक अपने अनुभव साझा करेंगे।

****

मौसम केंद्र रांची की पहली गृह पत्रिका 'झारखंड मौसम दर्पण' को दो महत्वपूर्ण पुरस्कार प्राप्त हुए हैं। यह पत्रिका नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति द्वारा आयोजित पूर्व, पूर्वोत्तर और उत्तरी क्षेत्रों के संयुक्त क्षेत्रीय राजभाषा सम्मेलन में वर्ष 2024–25 के लिए 'क' क्षेत्र कार्यालय श्रेणी में द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित की गई।

****

राज्य में मौसम का मिजाज एक बार फिर बदल सकता है। सात से दस मार्च तक कई इलाकों में हल्की बारिश के आसार हैं। नौ मार्च को उत्तर पूर्वी और उससे सटे मध्य भागों में वज्रपात की भी आशंका है, जिसे लेकर मौसम विज्ञान केन्द्र ने येलो अलर्ट जारी किया है। दो दिनों के दौरान तापमान में किसी बड़े बदलाव की संभावना कम है, लेकिन उसके बाद इसमें करीब तीन डिग्री सेल्सियस की वृद्धि हो सकती है। पिछले चौबीस घंटे के दौरान चाईबासा में अधिकतम तापमान छत्तीस दशमलव चार डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जो राज्य में सबसे अधिक रहा। अन्य जिलों में भी दिन के समय गर्मी अब लोगों को सता रही है।

****

टी–20 विश्व कप के दूसरे सेमीफाइनल में आज भारत का मुकाबला इंग्लैंड से होगा। यह मैच मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में शाम सात बजे से खेला जाएगा। दोनों टीमें फाइनल में जगह बनाने के इरादे से मैदान में उतरेंगी। इस मुकाबले की विजेता टीम आठ मार्च को होने वाले फाइनल में न्यूज़ीलैंड से भिड़ेगी।

*********समाप्त*********